तापमान
अधिकतम 36 .0 डिग्री
न्यूनतम 27 .7 डिग्री

हरिभूमि
जीटी रोड भूमि
रोहतक, शुक्रवार 11 सितंबर 2026

10 अक्टूबर तक तैयार होगा महिला कॉलेज, डीसी ने किया मुआयना



10 मुस्तैद पुलिस जवानों ने जख्मी बाइक सवार की बचाई जान



खबर संक्षेप

ठगों ने मोबाइल हैक कर निकाले 1.70 लाख

यमुनानगर। साइबर ठगों ने मोबाइल हैक कर जगाधरी वर्कशॉप अंबेडकर नगर निवासी सुरेश कुमार के अकाउंट से एक लाख 70 हजार रुपये निकाल लिए। जब सुरेश कुमार को अपने साथ हुई ठगी का पता चला तो उसने मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार जगाधरी वर्कशॉप अंबेडकर नगर निवासी सुरेश कुमार ने साइबर क्राइम थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि एक सितंबर को वह अपने घर पर मौजूद था। इस दौरान उसके मोबाइल पर एक मैसेज आया। जब उसने मैसेज पर क्लिक किया तो उसका मोबाइल हैक हो गया। आरोपियों ने उसके अकाउंट से अलग-अलग करके एक लाख 70 हजार रुपये निकाल लिए।

50 कर्मचारियों के घर पर भेजे नोटिस

अंबाला। नगर परिषद प्रशासन ने प्राथमिक चरण में 50 के करीब हड़ताली कर्मचारियों के घरों पर नोटिस दिए हैं। नगर परिषद के कार्यकारी अधिकारी देवेंद्र नरवाल ने बताया कि संबंधित कर्मचारियों को तीन दिन में काम पर लौटने व लिखित में जवाब देने के निर्देश दिए गए हैं, अन्यथा उनके खिलाफ उच्चाधिकारियों के निर्देश पर विभागीय कार्रवाई की जाएगी। उधर नगर पालिका कर्मचारी संघ के आह्वान पर नगर परिषद अंबाला सदर परिसर में सफाई और दमकल कर्मचारी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर बैठ गए। प्रदर्शन का नेतृत्व प्रधान सेवाराम बोहत और पापिंदर सिंह ने किया।

दूग्ध डेयरी चला रहे पिता और पुत्र को पीटा

पानीपत। पानीपत की विद्यानंद कॉलोनी में दूग्ध डेयरी चल रहे सुरेश पाल सिंह व इसके को मारपीट कर घायल कर दिया गया। वहीं आरोपी सुरेश पाल की जेब से दो हजार रूपये भी निकाल कर ले गए। वहीं, सुरेश पाल की शिकायत पर थाना चांदनी बाग पुलिस ने मारपीट करने वालो जुनैद, गुफरान, फरमान, आरिफ व इनके अज्ञात साथियों पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

निजी बस के पहिए के नीचे आई 16 वर्षीय किशोरी

कुरुक्षेत्र। अग्रसेन चौक पर एक दर्दनाक हादसे में 16 वर्षीय किशोरी निजी बस के पहिए के नीचे आकर गंभीर रूप से घायल हो गई। घायल किशोरी की पहचान जिंदल सिटी निवासी शिवानी के रूप में हुई है। हादसे के बाद उसे उपचार के लिए निजी अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। जानकारी के अनुसार शिवानी नई बस स्टैंड से पूंडरी की तरफ जा रही निजी बस में सवार थी। अग्रसेन चौक पर जैसे ही बस चालक ने अचानक बस रोकी, किशोरी बस से उतरने लगी। इसी दौरान उसका संतुलन बिगड़ गया और वह बस के पहिए के नीचे आ गई। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गई।

इकलौता भाई अस्पताल में पड़ा रहा, बहन बोली- आप ही कर दो अंतिम संस्कार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र/पिहोवा

आप ही कर दो संस्कार, आपकी बहुत मेहरबानी होगी। मेरे पास समय नहीं है। मैं रुक नहीं सकती। अगर मैं खुद ठीक होती तो रुक जाती। ये शब्द उस समय कहे गए, जब एक बहन के सामने उसके 71 वर्षीय इकलौते बड़े भाई का शव अंतिम संस्कार का इंतजार कर रहा था। भाई की मौत के बाद बहन अस्पताल पहुंची, अंतिम दर्शन किए, लेकिन अंतिम संस्कार में शामिल होने से इनकार कर दिया और रिश्तेदार के साथ वहां से चली गई। मामला दिल्ली निवासी जुगल किशोर का है, जिनकी 4 सितंबर को कुरुक्षेत्र के एलएनजेपी अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। जुगल किशोर पिछले करीब 10 वर्षों से पिहोवा के सरस्वती तीर्थ क्षेत्र में रह रहे थे। उनकी शादी नहीं हुई थी। परिवार में उनकी छोटी बहन पुष्पा रानी के बारे में ही आश्रम संचालकों को जानकारी थी।



मृतक जुगल किशोर।



कुरुक्षेत्र। मृतक जुगल किशोर के शव को मुखाग्नि देते बाबा निशान सिंह।

71 वर्षीय जुगल किशोर की मौत के बाद आश्रम कमेटी ने निभाया फर्ज, बाबा निशान सिंह ने दी मुखाग्नि

दो सप्ताह पहले बिगड़ी थी तबीयत

नेशनल हाईवे 152-डी के पास आश्रम की देखरेख कर रहे बाबा निशान सिंह ने बताया कि करीब दो सप्ताह पहले जुगल किशोर की तबीयत खराब हुई थी। आश्रम के लोग उन्हें इलाज के लिए पिहोवा सरकारी अस्पताल लेकर गए। कई दिन उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर उन्हें कुरुक्षेत्र के एलएनजेपी अस्पताल रेफर किया गया। इस दौरान बहन से संपर्क करने के कई प्रयास किए गए। बाबा निशान सिंह के मुताबिक, काफी प्रयास के बाद पुष्पा रानी से संपर्क हुआ और उन्हें भाई की गंभीर हालत की जानकारी देकर आखिरी बार देखने के लिए बुलाया गया, लेकिन वह लगातार टालती रहीं।

अस्पताल पहुंची, लेकिन अंतिम संस्कार से किया इनकार

मौत की सूचना मिलने के बाद पुष्पा अस्पताल पहुंचीं और भाई को अंतिम बार देखा। इसके बाद जब उनसे अंतिम संस्कार में शामिल होने की बात कही गई तो उन्होंने समय नहीं होने और तबीयत ठीक न होने का हवाला दिया। बाबा निशान सिंह के अनुसार, जब उनसे पूछा गया कि अंतिम संस्कार नहीं कर सकतीं तो कम से कम अस्थि विसर्जन कर दें, इस पर उन्होंने हाथ जोड़ दिए। उन्होंने कहा कि वह न तो अंतिम संस्कार में शामिल हो सकती हैं और न ही अस्थियां विसर्जित कर सकती हैं। इसके बाद वह एक रिश्तेदार के साथ अस्पताल से चली गईं।

आश्रम कमेटी ने निभाया अंतिम फर्ज

बहन के चले जाने के बाद बाबा निशान सिंह और आश्रम कमेटी ने जुगल किशोर के शव को पिहोवा के स्वर्ग धाम पहुंचाया। वहां बाबा निशान सिंह ने उन्हें मुखाग्नि दी। अंतिम संस्कार की पूरी प्रक्रिया आश्रम कमेटी ने निभाई। मंगलवार को अस्थियों का सरस्वती नदी में विधि-विधान से विसर्जन भी किया गया। बाबा निशान सिंह ने कहा कि भाई-बहन के रिश्ते का ऐसा अंत देखकर उन्हें बेहद दुख हुआ।

21 एकड़ सरकारी जमीन कराई मुक्त, गरीबों को मिलेंगे प्लॉट

स्टेडियम और जिम भी बनेगा
पानीपत के नौल्था में 18 साल पुराने कब्जे हटाए



मतलौडा। अवैध कब्जे हटाने की कार्रवाई के दौरान मौजूद लोग।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| इसराना

पानीपत के गांव नौल्था में 21 एकड़ सरकारी जमीन से 18 साल पुराने अवैध कब्जे हटाए गए। वहीं, ड्यूटी मजिस्ट्रेट सुशील रोहिल्ला ने बताया कि ग्राम पंचायत नौल्था ने 2008 में महात्मा गांधी ग्रामीण बस्ती योजना के तहत गरीबों को 462 प्लॉट आवंटित किए थे। इनमें से ढाई एकड़ में 168 प्लॉट हैं, जो अब प्लॉट धारकों को सौंप दिए गए हैं। बाकी की जमीन पर ग्राम पंचायत 8 एकड़ में खेल स्टेडियम और लगभग 3 एकड़ में जिम बनाएगी। यहां एक बैंक्वेट हॉल का निर्माण भी किया जाएगा। नौल्था के सरपंच बलराज जागलान व सरपंच प्रतिनिधि नीरज कौशिक आदि उपस्थित रहे।

462 प्लॉट लोगों को आवंटित किए

ड्यूटी मजिस्ट्रेट सुशील रोहिल्ला ने बताया कि ग्राम पंचायत नौल्था ने 2008 में महात्मा गांधी ग्रामीण बस्ती योजना के तहत गरीबों को 462 प्लॉट आवंटित किए थे। इनमें से ढाई एकड़ में 168 प्लॉट हैं, जो अब प्लॉट धारकों को सौंप दिए गए हैं। बाकी की जमीन पर ग्राम पंचायत 8 एकड़ में खेल स्टेडियम और लगभग 3 एकड़ में जिम बनाएगी। यहां एक बैंक्वेट हॉल का निर्माण भी किया जाएगा।

ये लोग मौके पर मौजूद रहे

पुलिस बल की मदद से ड्यूटी मजिस्ट्रेट सुशील रोहिल्ला की मौजूदगी में इसे खाली कराया गया। इस दौरान सुरेंद्र जागलान, अज्जु जागलान, रामफल कश्यप, देवेंद्र सिंह, सुनील कुमार, अंगूरी देवी, राजू देवी, विमला देवी, सरपंच बलराज जागलान, सरपंच प्रतिनिधि नीरज कौशिक, ग्राम सचिव कुलदीप सिंह और कई अन्य ग्रामीण मौजूद थे।

जमीन खरीद-फरोख्त मामले में 1.54 करोड़ की धोखाधड़ी करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अपराधों की रोकथाम और वांछित आरोपियों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा ने एक बड़े भू-माफिया फर्जीवाड़े का खुलासा किया है। टीम ने थाना अंबाला शहर क्षेत्र में भूमि पर अपना कब्जा दिखाकर 1 करोड़ 54 लाख 50 हजार रुपये की धोखाधड़ी करने के मामले में दो मुख्य आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। शिकायतकर्ता राजीव निवासी गुरुद्वारा कॉलोनी, बादशाही बाग ने 3 जुलाई 2026 को लिखित शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत के अनुसार, 25 जनवरी 2024 से 24 जुलाई 2025 के बीच आरोपियों बलकार सिंह और सतीश कुमार ने सुनियोजित तरीके से धोखाधड़ी कर सवा पांच एकड़ जमीन 1 करोड़ 54 लाख 50 हजार रुपये में बेच दी। पूरी रकम हड़प ली।



ठगी के आरोप में पकड़े गए आरोपी।

जांच में यह भी सामने आया कि उस सवा पांच एकड़ जमीन का केवल एक छोटा हिस्सा ही आरोपियों के नाम पर दर्ज था जबकि उन्होंने पूरी जमीन को अपने स्वामित्व की बताकर इस भारी-भरकम राशि की ठगी को अंजाम दिया। शिकायत के आधार पर पुलिस ने तुरंत मामला दर्ज कर कानूनी प्रक्रिया शुरू कर दी थी। आर्थिक अपराध शाखा के प्रभारी निरीक्षक महेश कुमार की टीम ने पुख्ता साक्ष्यों के आधार पर कार्रवाई करते हुए दोनों आरोपियों को धर दबोचा। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान सतीश कुमार वासी बुड़ियों व बलकार सिंह के रूप में हुई है। गिरफ्तारी के बाद आरोपियों को अदालत में पेश कर रिमांड पर लिया गया था। रिमांड अवधि के दौरान पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से ठगी की रकम में से लगभग 20 हजार रुपये नकद बरामद किए हैं।

रंजिश के चलते परिवार के सदस्यों पर हमला, चार घायल

यमुनानगर। छछरौली थाना क्षेत्र के गांव जाटावाला में रंजिश के चलते परिवार के सदस्यों पर हमला कर दिया गया। हमले में परिवार के चार लोग घायल हो गए। परिवार के एक महिला सदस्य के कपड़े फाड़ने का भी आरोप है। पुलिस ने दर्जन भर आरोपी लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार छछरौली थाना क्षेत्र के गांव जाटावाला निवासी सलीखा ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसके परिवार के सदस्यों की कुछ दिन पहले गांव के ही अकरम व वलीदीन के साथ किसी बात को लेकर कहा सुनी हो गई थी। उस समय अन्य लोगों ने समझा कर मामला शांत करवा दिया था मगर इसके बाद से आरोपी अकरम व वलीदीन उसके परिवार के सदस्यों से रंजिश रखने लगा। सलीखा ने बताया कि 26 जुलाई को उसके परिवार के सदस्य घर पर मौजूद थे। इस दौरान अकरम व वलीदीन ने अपने परिवार के सदस्यों नुसरत, अशरफ, मुनीर, हारून, राशिद, वाजिद, सलमान व नसीम के साथ मिलकर उसके परिवार के सदस्यों पर हमला कर दिया। हमले में वह, उसका पति राकिब, जेठ इसरार व उसकी देवरानी घायल हो गए। इस दौरान आरोपियों में उसकी देवरानी के कपड़े फाड़ दिए। शोर सुनकर जब आसपास के लोग मौके पर पहुंचे तो आरोपी उन्हें जान से मारने की धमकी देकर मौके से भाग गए। उसने मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद सभी आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

- पुलिस ने दर्जन भर आरोपी लोगों के खिलाफ किया केस दर्ज

सफाई कर्मचारियों व फायरकर्मियों की हड़ताल के समर्थन में उतरी युवा कांग्रेस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

हरियाणा में चल रही सफाई कर्मचारियों और फायरकर्मियों की हड़ताल का युवा कांग्रेस हरियाणा ने समर्थन किया है। यूथ कांग्रेस हरियाणा के मीडिया विभाग के वाइस चेयरमैन मुकेश चौधरी ने सरकार से कर्मचारियों के प्रतिनिधियों के साथ तत्काल बातचीत कर उनकी मांगों का समाधान करने की मांग की। मुकेश चौधरी ने कहा कि कांग्रेस सरकार के समय नीति बनाकर कच्चे कर्मचारियों को पक्का किया गया था, जबकि भाजपा सरकार में 15-15 साल से सेवाएं दे रहे सफाई कर्मचारियों को भी नियमित नहीं किया जा रहा। उन्होंने महिला कर्मचारियों पर पुलिस कार्रवाई की निंदा करते हुए कहा कि सरकार को टकराव का रास्ता छोड़कर बातचीत के माध्यम से आंदोलन का स्थायी समाधान निकालना चाहिए। उन्होंने लंबे समय से कार्यरत कच्चे कर्मचारियों के नियमितीकरण के लिए ठोस नीति बनाने की मांग की। उन्होंने कहा कि युवा कांग्रेस कर्मचारियों के हक और न्याय की लड़ाई में उनके साथ खड़ी है।



मुकेश चौधरी।

बेटे को बचाने नहर में कूदा पिता, दोनों बहे: पैर फिसलने से गिरा, फसल में स्प्रे के लिए पानी लेने गया था

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

हरियाणा के करनाल जिले में हाबड़ी ब्रांच स्थित बस्तली नहर में पैर फिसलने से बहे बेटे की जान बचाने के लिए पिता ने भी नहर में छलांग लगा दी। हालांकि, पानी का बहाव तेज होने और तैरना न आने के कारण पिता-पुत्र दोनों ही गहरे पानी में बह गए, जिनका अभी तक कोई सुराग नहीं लगा। जानकारी के मुताबिक, निसिंग क्षेत्र के गांव बीर बड़ालवा निवासी सतनाम (38) और उसका बेटा मानुष (20) खेत में फसल पर स्प्रे करने के लिए गए थे। खेत के पास ट्यूबवेल न होने के कारण मानुष पानी भरने के लिए पास ही बह रही बस्तली नहर के पास गया। इसी दौरान उसका पैर अचानक फिसल गया और वह गहरे पानी में जा गिरा।

पता चलने पर पिता भागे, नहर में कूदे





मानुष को नहर में डूबता देख वहां मौजूद उसके साथी ने बचाने का प्रयास किया, लेकिन वह कामयाब नहीं हो सका। कुछ ही दूरी पर मौजूद मानुष के पिता सतनाम को जब इस बात का पता चला, तो वह तुरंत भागे हुए आए। बेटे की जान बचाने के लिए उन्होंने बिना एक पल गंवाए नहर में छलांग लगा दी। बताया जा रहा है कि सतनाम को तैरना भी नहीं आता था, जिसके चलते तेज बहाव में दोनों पिता-पुत्र गहरे पानी में लापता हो गए।

एसडीआरफ व गोताखोरों की टीम तलाश में जुटी

हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासनिक अमला मौके पर पहुंचा। एसडीआरफ और स्थानीय गोताखोरों की टीमें नहर में लगातार सर्च ऑपरेशन चला रही हैं, लेकिन देर शाम तक दोनों का कुछ पता नहीं चल पाया है। हादसे के बाद से ग्रामीण और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। मात्र एक साल पहले ही मानुष की शादी हुई थी।

बिजली के तार चोरी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

- 13 किलो 600 ग्राम तांबे के तार व वारदात में प्रयुक्त बाइक बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

जिला पुलिस की ओर से खेतों में लगी बिजली की मोटरों से तार चोरी करने वालों के खिलाफ कार्रवाई जारी है। थाना असंध पुलिस ने खेतों से बिजली की तार चोरी के मामले में आरोपी अजीत सिंह उर्फ चेतन सिंह पुत्र मंगल सिंह निवासी गांव खेड़ी सर्फली, असंध को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से 13 किलो 600 ग्राम चोरीशुदा तांबे की तार और वारदात में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद हुई है। पुलिस टीम ने थाना प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार के नेतृत्व में गुप्त सूचना के आधार पर आरोपी को खेड़ी मंडवाल से गिरफ्तार किया। मामले के अनुसंधान अधिकारी सहायक उप निरीक्षक महेंद्र सिंह ने बताया कि खेतों से बिजली की तार चोरी के संबंध में मामला दर्ज किया गया था। शिकायत के अनुसार शिकायतकर्ता के खेत सहित आसपास के किसानों के खेतों से बिजली की मोटरों की तार, ग्रिप और अन्य सामान चोरी हुआ था। आरोपी को अदालत में पेश कर पूछताछ के लिए चार दिन का पुलिस रिमांड लिया गया।

पानीपत बार का डिजिटल सॉफ्टवेयर लांच

- वकीलों को मिली सीसीटीवी कैमरों, लॉयर्स चैंबर पार्किंग की सौगात, वरिष्ठ वकीलों ने सेवाओं का शुभारंभ किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

पानीपत जिला बार एसोसिएशन के चुनाव से ठीक एक दिन पहले और अपने वर्तमान कार्यकाल के आखिरी दिन, बार के प्रधान सुरेंद्र दूहन व इनकी गवर्निंग बॉडी ने वकीलों की सुविधा के लिए तीन महत्वपूर्ण विकास कार्यों की सौगात दी है। पहली सौगात बार पोर्टल सॉफ्टवेयर की मिली। इसका उद्घाटन वरिष्ठ अधिवक्ता विजय मलूजा ने किया। इस डिजिटल सॉफ्टवेयर से बार एसोसिएशन के प्रशासनिक और डिजिटल कामकाज में पारदर्शिता व तेजी आएगी। वहीं, लॉयर्स चैंबर फेज 1 व 2 में सुरक्षा के लिए सीसीटीवी कैमरों का उद्घाटन वरिष्ठ अधिवक्ता सूरत सिंह देशवाल ने की। जबकि लॉयर्स चैंबर पार्किंग की सौगात का उद्घाटन वरिष्ठ अधिवक्ता महेंद्र घणगस ने किया। इधर, उद्घाटन के अवसर पर बार एसोसिएशन के प्रधान सुरेंद्र दूहन ने कहा कि अपने पूरे कार्यकाल के दौरान उनकी और पूरी गवर्निंग बॉडी की यही निरंतर कोशिश रही है कि जिला बार को कुछ न कुछ नया और आधुनिक दिया जा सके। उन्होंने कहा कि हमारी प्राथमिकता हमेशा यही रही कि बार से जुड़े हर एक छोटे-बड़े वकील साथी को काम करने का एक बेहतर माहौल और सभी आवश्यक अत्याधुनिक सुविधाएं मिलें।



पानीपत। बार के प्रधान सुरेंद्र दुहन, वरिष्ठ अधिवक्ताओं का स्वागत करते हुए।

द्वार पर स्थापित होगा कृष्ण-अर्जुन का विशाल रथ

नए भव्य स्वरूप में नजर आएगा कुरुक्षेत्र का गीता द्वार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

धर्मनगरी कुरुक्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव से पहले गीता द्वार को नया और भव्य स्वरूप देने की तैयारी तेज हो गई है। आने वाले दिनों में गीता द्वार श्रद्धालुओं और पर्यटकों के लिए पहले से कहीं अधिक आकर्षण का केंद्र नजर आएगा। द्वार के सौंदर्यीकरण और नए स्वरूप देने के साथ यहां भगवान श्रीकृष्ण और अर्जुन के विशाल रथ को भी स्थापित किया जाएगा। प्रस्तावित रथ करीब 24 फुट चौड़ा और 5 फुट ऊंचा होगा।



कुरुक्षेत्र। निर्माणाधीन गीता द्वार।

विशाल रथ के स्थापित होने के बाद गीता द्वार की भव्यता और बढ़ जाएगी। प्रशासन की ओर से निर्माण एवं सौंदर्यीकरण के कार्य को अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव से पहले पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। गीता की जन्मस्थली कुरुक्षेत्र में हर वर्ष अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव के दौरान देश-विदेश से बड़ी संख्या में श्रद्धालु और पर्यटक पहुंचते हैं।

ऐसे में शहर के प्रमुख प्रवेश और दर्शनीय स्थलों को आकर्षक स्वरूप देने पर विशेष जोर दिया जा रहा है। गीता द्वार को भी इसी कड़ी में विकसित किया जा रहा है। कृष्ण-अर्जुन के रथ की स्थापना के बाद यहां आने वाले लोगों को महाभारत काल और श्रीमद्भगवद्गीता के संदेश से जुड़ा भव्य दृश्य देखने को मिलेगा। रथ को इस प्रकार तैयार किया जाएगा कि यह गीता द्वार की पहचान के साथ जुड़ सके और यहां आने वाले पर्यटक इसके सामने तस्वीरें भी ले सकें।

अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव से पहले यदि काम निर्धारित समय में पूरा होता है तो महोत्सव के दौरान गीता द्वार का नया स्वरूप लोगों के लिए खास आकर्षण बनेगा। प्रशासन की योजना धर्मनगरी में धार्मिक, ऐतिहासिक और पर्यटन स्थलों की सुंदरता बढ़ाने की दिशा में भी महत्वपूर्ण मानी जा रही है।

नागरिकों को नहीं काटने पड़ेंगे कार्यालय के चक्कर

सामुदायिक केंद्रों की बुकिंग प्रक्रिया होगी ऑनलाइनः मेयर

क्षेत्रफल के हिसाब से फीस निर्धारित की गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर



यमुनानगर। निगम कार्यालय में आयोजित बैठक में अधिकारियों को दिशा निर्देश देतीं मेयर सुमन बहमनी।

नगर निगम यमुनानगर जगाधरी के सामुदायिक केंद्रों में शादी समारोह, रस्म क्रिया या जन्मदिन कार्यक्रम आयोजित करने के लिए अब नागरिकों को निगम कार्यालय के चक्कर नहीं काटने पड़ेंगे। निगम प्रशासन ने बुकिंग प्रक्रिया को पूरी तरह ऑनलाइन करने का निर्णय लिया है। इसके साथ ही पारदर्शिता लाने और नागरिकों को मनमानी फीस से राहत देने के लिए सामुदायिक केंद्रों के क्षेत्रफल के हिसाब से फीस निर्धारित की गई है। ये निर्णय मेयर सुमन बहमनी की अध्यक्षता में निगम कार्यालय में आयोजित अधिकारियों की बैठक में लिया गया है। मौके पर निगमायुक्त महाबीर प्रसाद भी मौजूद रहे। मेयर सुमन बहमनी ने बताया कि बैठक में निगम क्षेत्र स्थित छोटे बड़े सभी सामुदायिक केंद्रों के रखरखाव, बुकिंग और शुल्क व्यवस्था पर विस्तार से चर्चा की गई। पार्षदों व संबंधित अभियंताओं ने सामुदायिक केंद्रों की बुकिंग, रखरखाव और फीस को लेकर अपने सुझाव दिए। उन्होंने बताया कि बैठक में तय हुआ कि क्षेत्रफल के हिसाब से निर्धारित फीस व सिक्योरिटी ऑनलाइन बुकिंग के दौरान जमा होगी। ऑनलाइन प्रक्रिया पूरी होने के बाद आवेदक को डिजिटल रसीद मिलेगी। सामुदायिक केंद्र की चाबी संबंधित वार्ड के पार्षद व कनिष्ठ अभियंता के पास रहेगी। जिसे रसीद दिखाकर प्राप्त किया जा सकेगा। कार्यक्रम के दौरान यदि सामुदायिक केंद्र में कोई टूट फूट नहीं होती तो पूरी सिक्योरिटी राशि वापस कर दी जाएगी। यदि समारोह के दौरान सामुदायिक केंद्र का यदि कुछ नुकसान होता है तो उसकी भरपाई सिक्योरिटी राशि से की जाएगी। इसके अलावा सामुदायिक केंद्रों के बेहतर रखरखाव की जिम्मेदारी स्थानीय आरडब्ल्यू (रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन) को सौंपने के सुझाव को भी सैद्धांतिक मंजूरी दी गई।

कम खर्च में आमजन को मिलेगी मैरिज पैलेस जैसी सुविधा

मेयर सुमन बहमनी ने बताया कि फीस का निर्धारण आमजन और आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के हित को ध्यान में रखकर किया गया है। नगर निगम के अधिकतर सामुदायिक केंद्र मैरिज पैलेस जैसी आधुनिक सुविधाओं से लैस हैं। इस व्यवस्था से गरीब व मध्यम वर्गीय परिवारों को अपने मांगलिक व अन्य कार्यक्रमों के लिए कम खर्च में बेहतर सुविधाएं उपलब्ध होंगी। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार भी आज आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के हितों को ध्यान में रखकर अनेक योजनाएं बनाकर कार्य कर रही है। बैठक में पार्षद प्रियांक शर्मा, अंकित कुमार, श्याम लाल, सहायक अभियंता मृणाल जैयसवाल, मुनेश्वर भारद्वाज, सुरेंद्र दहिया, राजेश शर्मा, क्षेत्रीय कराधान अधिकारी अजय वालिया, जितेंद्र मल्होत्रा व रघुबीर सिंह आदि मौजूद रहें।

हजारों की हेरोइन के साथ नशातस्कर पकड़ा

यमुनानगर। जिला पुलिस की एंटी नारकोटिक सेल की टीम ने गांव रायपुर से एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 50 ग्राम हेरोइन बरामद की है। आरोपी से बरामद हेरोइन की कीमत बाजार में एक लाख 70 हजार रुपये बताई जा रही है। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर उसे अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। एंटी नारकोटिक सेल की टीम में तैनात एएसआई राजेंद्र कुमार ने गुप्त सूचान के आधार पर रेडकर गांव रायपुर में एक युवक को संदिग्ध परिस्थितियों घूमता हुआ पकड़ा। तलाशी लेने पर युवक के पास 50 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। पूछताछ के दौरान आरोपी की पहचान प्रताप सिंह के रूप में हुई।

धैर्य शर्मा ने 50 मीटर शूटिंग स्पर्धा में जीता कांस्य पदक

■ कर्ण शूटिंग अकादमी के खिलाड़ी धैर्य शर्मा का कस्बे में स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रादौर

रादौर के खिलाड़ी धैर्य शर्मा ने देहरादून में आयोजित 45वीं उत्तर भारत शूटिंग प्रतियोगिता में 50 मीटर शूटिंग टूर्नामेंट में कांस्य पदक प्राप्त कर जिले का नाम रोशन किया है। कांस्य पदक प्राप्त कर रादौर में पहुंचे खिलाड़ी धैर्य शर्मा का परिजनों व शुभचिंतकों ने स्वागत किया।

कांस्य पदक विजेता खिलाड़ी धैर्य शर्मा के कोच जगबीर सिंह व नीतिश कुमार ने बताया कि देहरादून में गत दिवस 45वीं उत्तरी भारत शुटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस स्पर्धा में कर्ण शूटिंग अकादमी के खिलाड़ियों ने भी भाग लिया। जिसमें धैर्य शर्मा ने 50 मीटर शूटिंग प्रतियोगिता में कांस्य पदक जीतकर जिले व कस्बा और अपनी अकादमी का नाम रोशन किया। कोच ने बताया कि इस दौरान खिलाड़ी धैर्य शर्मा को महान खिलाड़ी रहे स्वर्गीय जसपाल राणा के पिता एवं उत्तराखंड के पूर्व खेल मंत्री नारायण सिंह राणा ने मेडल पहनाकर सम्मानित किया। धैर्य शर्मा ने अपनी जीत का श्रेय कर्ण शूटिंग अकादमी के कोच जगबीर सिंह व नीतीश कुमार और अपने अभिभावकों को दिया। धैर्य शर्मा ने बताया कि वह शूटिंग के खेल में राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मेडल जीतकर देश का नाम रोशन करना चाहते हैं।



यमुनानगर। रादौर निवासी खिलाड़ी धैर्य शर्मा को किया सम्मानित।



यमुनानगर। गांव नाचरौन में गली के रैंप के चलते फंसी गाड़ी।

गलियों में रैंपों के कारण हो रही परेशानी

रादौर। गांव नाचरौन में कुछ लोगों द्वारा अपने घरों के रैंप गली में निकालने से वाहन चालकों को भारी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। गली में बड़े-बड़े रैंप निकाले जाने से आए दिन वाहन गली में फंस जाते हैं। ग्रामीणों ने पंचायत व प्रशासन से गली में निकाले गए रैंप हटाए जाने की मांग की है। समाजसेवी डॉ.लाभ सिंह ने बताया कि गली में रैंप के चलते लोगों को भारी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। पहले ही गांव में गलियां तंग हैं। इसके बाद बिजली निगम ने भी गलियों में अपने खंभे गाढ़कर गली को ओर तंग करने का काम किया हुआ है। उन्होंने सरकार व प्रशासन से मांग की कि गली में लंबे लंबे रैंपों को तुड़वाया जाये। जिससे वाहन चालकों को समस्या से निजात मिल सके।

विकास कार्यों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए वितरित की पुस्तिका

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र

सांसद नवीन जिन्दल के दो वर्ष के कार्यकाल में कुरुक्षेत्र लोकसभा क्षेत्र में कराए गए विकास कार्यों और जनसेवा की विभिन्न पहलों को एक पुस्तिका में दर्शाया गया है। इस पुस्तिका को अधिक से अधिक संख्या में आमजन तक पहुंचाने के लिए आज सांसद कार्यालय में वितरित किया गया।

इस अवसर पर सभी कार्यकर्ताओं के साथ विकास कार्यों की जानकारी साझा करते हुए थानेसर हलका प्रभारी बलविंद्र सिंह ने कहा कि सभी कार्यकर्ता सांसद नवीन जिन्दल द्वारा क्षेत्र में कराए विकास कार्यों को इस पुस्तिका के माध्यम से जन-जन तक पहुंचाएं। सांसद नवीन जिन्दल ने अपने कार्यकाल के दौरान विकास के साथ-साथ जनसेवा को भी प्राथमिकता दी है। इन कार्यों की जानकारी अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचना जरूरी है, ताकि आमजन को अपने क्षेत्र में हो रहे विकास की पूरी जानकारी मिल सके। उन्होंने कहा कि यह पुस्तिका आमजन को सांसद नवीन जिन्दल की सोच, प्रयासों और विभिन्न क्षेत्रों में किए गए कार्यों से परिचित कराने का एक प्रभावी माध्यम है। इस अवसर पर महिपाल फुले, सुभाष बारना, हरफूल कसेरला, सुरजीत सिंह, ओम प्रकाश और विजय उपस्थित रहे।

बाइक सवार दो युवकों ने महिला के गले से झपटी सोने की चेन

यमुनानगर। बाइक सवार दो युवकों ने जगाधरी की वीर नगर कॉलोनी में एक महिला के गले से सोने की चेन झपट ली। जिसकी कीमत करीब दो लाख 10 हजार रुपये है। पुलिस ने महिला की शिकायत पर अज्ञात युवकों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार जगाधरी की वीर नगर निवासी नीलम ने हुडा सेक्टर 17 पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि नौ सितंबर को शाम पांच बजे वह कॉलोनी में ही किसी काम से जा रही थी। इस दौरान बाइक पर सवार होकर दो युवक आए। जब तक वह कुछ समझ पाती आरोपियों को उसके गले से सोने की चेन झपट ली और मौके से फरार हो गए।

राष्ट्रीय लोक अदालत में आपसी समझौते से होगा निपटारा: कादियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुना.



जिला विधिक सेवा प्राधिक यमुनानगर द्वारा न्यायिक परिसर में 12 सितंबर को तीसरी राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। लोक अदालत में विभिन्न प्रकार के लंबित मामलों का आपसी समझौते एवं सहमति के आधार पर निपटारा किया जाएगा। इसके लिए संबंधित पक्षकार अपने मामलों के शीघ्र निपटारे के लिए लोक अदालत का लाभ उठा सकते हैं।

उक्त जानकारी जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं सीजेएम सुमित्रा कादियान ने दी। प्राधिकरण की सचिव एवं सीजेएम सुमित्रा कादियान ने बताया कि तीसरी नेशनल लोक अदालत में आपराधिक समझौता योग्य अपराध, धारा 138 के तहत नेगोशिएबल इंस्ट्रूमेंटस एक्ट (एनआई एक्ट) के मामले, बैंक रिकवरी के मामले, मोटर एक्सीडेंट क्लेम ट्रिब्यूनल (एमएसीटी) के मामले तथा वैवाहिक विवादों का निपटारा किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि इसके अलावा श्रम विवाद, भूमि अधिग्रहण से संबंधित मामले, लंबित बिजली एवं पानी के बिलों से संबंधित मामले भी लोक अदालत में रखे जाएंगे। हालांकि नॉन कंपाउंडेबल चोरी के मामलों को इसमें शामिल नहीं किया जाएगा।



प्राकृतिक खेती को बढ़ावा दें किसानः कंवरपाल

यमुनानगर। सरकार द्वारा मुख्यमंत्री नायब सिंह के नेतृत्व में किसानों के कल्याणा के लिए अनेक योजनाएं शुरू की हैं। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और प्रदेश सरकार किसानों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है। पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल ने उक्त शब्द मार्केट कमेटी प्रतापनगर द्वारा अनाज मंडी में जनकल्याणकारी नीतियों को लेकर आयोजित किसान सम्मेलन में कहे। कंवरपाल ने किसानों को प्राकृतिक एवं रासायन मुक्त खेती को बढ़ावा देने के लिए आह्वान किया। पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल गुर्जर ने कहा कि वर्तमान हरियाणा की भाजपा सरकार मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में लगातार जनहित के निर्णय लेकर आमजन को खुश कर रही है । मौके पर वरिष्ठ भाजपा नेता अशोक चौधरी बहादुरपुर,मंडी सचिव अनिल पुरषार्थी, वाइस चेयरमैन योगेश अग्रवाल, मंडल अध्यक्ष अमित देवधर,मंडी सुपरवाइजर धीरज अग्रवाल, अंकुर गुप्ता, भाजयुमो जिलाध्यक्ष निश्चल चौधरी व भाजपा जिला मीडिया प्रभारी कपिल मनीष गर्ग आदि मौजूद रहे।

पात्रों को सरकारी योजनाओं एवं सेवाओं से जोड़ने के लिए करें प्रयास : आहूजा

■ सेवा संकल्प अभियान को लेकर अधिकारियों ने बैठक में किया मंथन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

जिला प्रशासन द्वारा सेवा संकल्प अभियान को सफल बनाने को लेकर लघु सचिवालय में प्रशासनिक अधिकारियों की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता एडीसी नवीन आहूजा ने की। उन्होंने अधिकारियों को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं एवं सेवाओं का लाभ पात्र नागरिकों तक समयबद्ध और पारदर्शी तरीके से पहुंचाने के उद्देश्य से चलाए जा रहे सेवा संकल्प अभियान को सफल बनाने के लिए पूरी गंभीरता एवं जिम्मेदारी के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। एडीसी जा ने कहा कि अभियान के दौरान आमजन की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि अभियान के तहत जिस विभाग को जो कार्य सौंपा गया है उसे पूरी निष्ठा व समयबद्ध तरीके से करें।



यमुनानगर। जिला सचिवालय में सेवा संकल्प अभियान को लेकर आयोजित अधिकारियों की बैठक में दिशा निर्देश देते हुए अतिरिक्त उपायुक्त नवीन आहूजा।

कमजोर वर्गों के लिए मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना बनी वरदानः उपायुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

■ पिछड़ा वर्ग परिवार को कन्यादान के रूप में दिए जा रहे हैं 51 हजार रुपये

हरियाणा सरकार द्वारा बेटियों की शादी में आर्थिक सहयोग प्रदान करने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना संचालित की जा रही है। यह योजना आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों को सशक्त बनाने और बेटियों के विवाह के लिए प्रोत्साहन देने का सराहनीय प्रयास है।

उक्त जानकारी उपायुक्त प्रीति ने अपने कार्यालय में बातचीत करते हुए दी। उपायुक्त प्रीति ने बताया कि प्रदेश सरकार द्वारा मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना के तहत अनुसूचित जाति, विमुक्त जाति और टपरीवास समुदाय के पात्र परिवारों को 71 हजार रुपये की राशि विवाह के अवसर पर दी जा रही है। इसी प्रकार पिछड़ा वर्ग परिवार को विवाह के अवसर पर कन्यादान के रूप में 51 हजार रुपये की सहायता राशि प्रदान की जा रही है। वहीं, विधवा, तलाकशुदा, अनाथ या बेसहारा महिलाओं के पुनर्विवाह पर (यदि पहली शादी के समय योजना का लाभ नहीं लिया गया हो) को भी 51 हजार रुपये की राशि दी जाती है। यदि नवविवाहित दंपती दिव्यांग हैं तो उन्हें भी 51 हजार रुपये की सहायता राशि मिलेगी।

जनकल्याणकारी नीतियों की जानकारी दें

17 सितंबर से 17 अक्तूबर तक चलेगा सेवा संकल्प अभियानः राजेश सपरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन पर चलाया जा रहा अभियान



भारतीय जनता पार्टी द्वारा जिले में जिलास्तर से लेकर बूथस्तर तक प्रधानमंत्री का जन्मदिन सेवा संकल्प अभियान के रुप में मनाया जाएगा। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ता समाज के विभिन्न वर्गों से सीधा संवाद कर केंद्र एवं प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं और उपलब्धियों की जानकारी देंगे। उक्त जानकारी भाजपा के जिला अध्यक्ष राजेश सपरा ने वीरवार को पार्टी के जिला कार्यालय में बातचीत करते हुए दी। जिला अध्यक्ष राजेश सपरा ने बताया कि भाजपा जिला यमुनानगर संगठन द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन और 25 वर्ष अनुकरणीय और प्रेरणादायी वर्ष पूरे होने पर 17 सितंबर से 17 अक्तूबर तक चलाए जाने वाले सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत 12 विभिन्न सेवा अभियानों का आयोजन किया जाएगा। इनमें आशीर्वाद का दीया,25 करोड़ बच्चों के सपनों का भारत, नमो सेवा गाथा, आंगन का उत्सव, कहानी बदलाव की, विकसित भारत संकल्प यात्रा,सेवा ज्योति यात्रा, सेवा मेरा योगदान,सेवा सेतु अभियान, रंगोली राष्ट्र, राष्ट्रीय इनोवेशन चैलेंज और जनसेवक महाकुंभ शामिल हैं।

सेवा संकल्प अभियान के माध्यम से कार्यकर्ता जरूरतमंद लोगों की सहायता करने, युवाओं को राष्ट्र निर्माण से जोड़ने तथा आमजन के बीच सेवाए सहयोग और सामाजिक समरसता की भावना को मजबूत करने का कार्य करेंगे। मौके पर भाजपा जिला यमुनानगर मीडिया प्रभारी कपिल मनीष गर्ग ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में आयोजित सेवा संकल्प अभियान का मूल उद्देश्य जनसेवा की भावना को और मजबूत करना तथा समाज के अंतिम व्यक्ति तक सेवा का भाव पहुंचाना है। उन्होंने बताया कि भाजपा का संगठन केवल राजनीतिक गतिविधियों तक सीमित नहीं है। बल्कि सेवा और समाज के प्रति अपने दायित्व का निर्वहन भी पूरी निष्ठा के साथ करता है।



क्षतिग्रस्त मार्ग से वाहन चालक परेशान

रादौर। लंबे अर्से से रादौर से बुबका मार्ग के क्षतिग्रस्त होने से क्षेत्र के लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। क्षेत्र के लोगों ने मार्ग की रिपेयर करवाए जाने की मांग की है। बुबका निवासी सचिन कुमार, कुलदीप, राजेश, सन्नी, राजीव, गोपाल, सूरज, रोहित व राहुल आदि ने बताया कि पिछले लंबे अर्से से रादौर से बुबका तक का सड़क मार्ग क्षतिग्रस्त पड़ा है। मार्ग पर पत्थर और बजरी उखड़कर बिखर गई है। जिस पर वाहन चलाना तो दूर पैदल चलना भी मुश्किल है। उन्होंने बताया कि इस मार्ग पर से होकर प्रतिदिन हजारों स्कूली बच्चे, दुकानदार, ग्रामीण अपने गंतव्य पर जाते हैं। मगर मार्ग के क्षतिग्रस्त पड़ा होने से लोग परेशान हैं। मार्ग पर पत्थर व बजरी के उखड़ कर बिखर जाने से आए दिन सड़क दुर्घटनाएं हो रही है। वहीं वाहन क्षतिग्रस्त हो रहे है और ग्रामीण चोटिल हो रहे हैं। स्कूल कॉलेज जाने वाले बच्चों को टूटे पड़े सड़क मार्ग के कारण सबसे अधिक परेशानी झेलनी पड़ रही है।

विद्यार्थियों को क्लाउड कंप्यूटिंग की विस्तार से जानकारी दी

■ ग्लोबल संस्थान में हुआ कार्यशाला का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रादौर



ग्लोबल रिसर्च इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी में वीरवार को अमेजन वेब सर्विसेज की एक दिवसीय कैंपस एंगेजमेंट गतिविधि का आयोजन किया गया।

यह गतिविधि एवर मीडिया टेक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड द्वारा प्लस वन कम्युनिकेशन के सहयोग से तथा अमेजन वेब सर्विसेज इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के अधिकृत कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित की गई। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया व एडब्ल्यूएस की तकनीकी सेवाओं एवं क्लाउड कंप्यूटिंग से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त की।

यह इवेंट संस्थान ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट ऑफिसर इंजीनियर मुकेश द्वारा आयोजित की गई। इस अवसर पर कैंपस में विशेष एडब्ल्यूएस बूथ लगाया गया जहां विद्यार्थियों को इसकी विभिन्न सेवाओं, तकनीकी क्षेत्र में उपलब्ध अवसरों व एडब्ल्यूएस स्टूडेंट बिल्डर ग्रुप से जुडने के बारे में जानकारी दी गई।

फिजियोथेरेपी दिवस के उपलक्ष्य में करवाया कार्यक्रम

पुनर्वास में फिजियोथेरेपी की महत्वपूर्ण भूमिका

■ संस्थान के प्रधानाचार्य डॉ. हिमांशु शेखर ने कार्यक्रम के समापन पर की अध्यक्षता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

टीडीटीआर डीएवी डीएवी फिजियोथेरेपी एवं पुनर्वास संस्थान यमुनानगर में फिजियोथेरेपी दिवस के उपलक्ष्य में फिजियोथेरेपी विषय को लेकर चल रहे दो दिवसीय कार्यक्रम का समापन हो गया। समापन अवसर पर विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यार्थियों ने भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। संस्थान के प्रधानाचार्य डॉ. हिमांशु शेखर ने समापन अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता की। वहीं, मुख्य वक्ता के रुप में ओजस अस्पताल पंचकूला के न्यूरोसर्जन डॉ. प्रशांत मस्करा ने भाग लिया। मुख्य वक्ता एवं ओजस अस्पताल पंचकूला के न्यूरोसर्जन डॉ. प्रशांत मस्करा ने कार्यक्रम में सर्व प्रथम मस्तिक एवं रीढ़ की हड्डी की सर्जरी में नवीनतम प्रगति विषय पर विद्यार्थियों को विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों को आधुनिक सर्जरी तकनीकों और उपचार पद्धतियों की जानकारी दी। डॉ. प्रशांत मस्करा ने विद्यार्थियों को सर्जरी के बाद मरीजों के पुनर्वास में फिजियोथेरेपी की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया। मौके पर भारतीय फिजियोथेरेपिस्ट संघ और महिला प्रकोष्ठ के सहयोग से पोस्टर निर्माण एवं कार्यशील माडल प्रतियोगिताओं का आयोजन करवाया गया।



मेधावी विद्यार्थियों को किया सम्मानित

संस्थान के प्रधानाचार्य डॉ. हिमांशु शेखर ने विभिन्न गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वालों व विश्वविद्यालय की वार्षिक परीक्षाओं में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले मेधावी विद्यार्थियों को भी पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। उन्होंने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उन्हें भविष्य में भी शैक्षणिक एवं व्यावसायिक क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर डॉ. रुचिका, डॉ. मुकेश, डॉ. गगन,डॉ. हीना, डॉ. अनुराग, डॉ. मंज्योत, डॉ. धीरज व सोहन लाल आदि मौजूद रहे।

खबर संक्षेप



डॉ. ज्योति ने यूजीसी-नेट किया क्वालीफाई

कुरुक्षेत्र। श्री कृष्ण आयुष विश्वविद्यालय के आयुर्वेद संहिता एवं सिद्धांत विभाग की पीजी फाइनल ईयर की छात्रा डॉ. ज्योति ने यूजीसी-नेट जून 2026 परीक्षा में शानदार सफलता हासिल की है। डॉ. ज्योति ने विभाग की डॉ. लसिथा के मार्गदर्शन में आयुर्वेद बायोलॉजी विषय में यूजीसी-नेट परीक्षा असिस्टेंट प्रोफेसर एवं पीएचडी श्रेणी में क्वालीफाई किया है।

आयुष विश्वविद्यालय में कार्यशाला आज से

कुरुक्षेत्र। श्रीकृष्ण आयुष विश्वविद्यालय में कुलपति प्रो. वैद्य करतार सिंह धीमान के मार्गदर्शन में योग विभाग एवं द जानकी फाउंडेशन (ब्रह्मकुमारी) के संयुक्त तत्वावधान में सकारात्मकता एवं मानसिक शांति विषय पर शुक्रवार और शनिवार को दो दिवसीय कार्यशाला आयोजित की जाएगी। कार्यशाला का शुभारंभ विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. कृष्णकांत गुप्ता तथा डीन एकेडमिक अफेयर्स प्रो. रणधीर सिंह करेंगे।

प्रधान पद पर विक्रम शर्मा-सहदेव रढ़ान आमने-सामने

जिला बार चुनाव आज, 2228 अधिवक्ता करेंगे प्रत्याशियों की किस्मत का फैसला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

जिला बार एसोसिएशन के चुनाव को लेकर लंबे समय से चल रही चुनावी सरगर्मी अब निर्णायक दौर में पहुंच गई है। शुक्रवार 11 सितंबर को बार एसोसिएशन के विभिन्न पदों के लिए मतदान होगा। चुनाव के अंतिम दिन गुरुवार को सभी प्रत्याशियों ने प्रचार में पूरी ताकत झोंक दी। अधिवक्ताओं से व्यक्तिगत संपर्क कर अपने पक्ष में मतदान की अपील की गई। अब शुक्रवार को 2228 मतदाता बैलेट नहीं, बल्कि पहली बार ईवीएम का बटन दबाकर प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला करेंगे। इनमें करीब 375 महिला मतदाता शामिल हैं। प्रधान पद के चुनाव में विक्रम शर्मा और सहदेव रढ़ान के बीच सीधा मुकाबला है। दोनों प्रत्याशियों ने अपने-अपने एजेंडे के साथ अधिवक्ताओं को साधने में कोई कसर नहीं छोड़ी। वहीं उपप्रधान पद पर प्रवीन चोपड़ा और सतपाल सिंह आमने-सामने हैं। महिला उपप्रधान पद पर आरती अग्रवाल और मंजू रानी के बीच मुकाबला होगा। सबसे ज्यादा नजरें महासचिव पद के चुनाव पर रहेंगी। इस पद पर आलोक शर्मा, साहिल मंगला और विक्रम सिंह के बीच त्रिकोणीय मुकाबला है। संयुक्त सचिव पद पर गुलशन कुमार और जितेंद्र चौहान आमने-सामने हैं। कोषाध्यक्ष पद के लिए ऋत्विक कुमार और पीयूष गोयल चुनाव मैदान में हैं। महिला लाइब्रेरी इंचार्ज पद पर अनु और रजनी के बीच मुकाबला होगा।


विनय मोहन आश्री।


सहदेव रढान।


विक्रम शर्मा।

8 बजे शुरू होगा मतदान, 5 बजे खुलेगा परिणाम का पिटारा

चुनाव अधिकारी अधिवक्ता विनय मोहन आश्री ने बताया कि मतदान शुक्रवार को सुबह 8 बजे से शाम 4:30 बजे तक होगा। मतदान समाप्त होने के बाद शाम 5 बजे से मतगणना शुरू की जाएगी। पहली बार ईवीएम से मतदान होने के कारण चुनाव प्रक्रिया को लेकर विशेष तैयारियां की गई हैं। उनके साथ सहायक चुनाव अधिकारी रेखा सैनी, विजेंद्र बांगड़, सतपाल मिजार्पुर और डीएस अनेजा चुनाव प्रक्रिया को संपन्न करवाएंगे। अब सभी प्रत्याशियों की नजरें अंतिम नतीजों पर टिकी हैं। शुक्रवार शाम तक साफ हो जाएगा कि जिला बार की कमान किसके हाथ आएगी और अधिवक्ताओं ने किसके एजेंडे पर भरोसा जताया।

पिहोवा में नरेश और अशोक आमने सामने, 147 वोटों पर टिकीं निगाहें



पिहोवा। पिहोवा बार एसोसिएशन के वर्ष 2026-27 के चुनाव को लेकर चुनावी सरगर्मियां लगातार तेज होती जा रही हैं। प्रधान पद के लिए अशोक भारद्वाज और नरेश कुमार कसाना के बीच सीधा और कड़ा मुकाबला देखने को मिल रहा है। दोनों प्रत्याशी अपने-अपने समर्थक अधिवक्ताओं के साथ लगातार संपर्क साधकर समर्थन जुटाने और अपने पक्ष में मतदान की अपील करने में जुटे हुए हैं। 11 सितंबर को मतदान होगा और उसी दिन शाम को चुनाव परिणाम सामने आएंगे। बार एसोसिएशन में कुल 147 मतदाता हैं। इनमें से कितने मत किस प्रत्याशी के पक्ष में पड़ेंगे, इसका फैसला चुनाव परिणाम घोषित होने के बाद ही स्पष्ट होगा। फिलहाल दोनों प्रत्याशियों के बीच मुकाबला बेहद रोमांचक बना हुआ है। बार एसोसिएशन की चुनाव कमेटी के रिटर्निंग ऑफिसर ईशम सिंह अरनैचा ने बताया कि लाइब्रेरी इंचार्ज एवं एग्जीक्यूटिव मेंबर के पद के लिए दो प्रत्याशियों ने नामांकन दाखिल किया था। इनमें जगबीर सिंह और राजेंद्र सिंह शामिल थे। नामांकन प्रक्रिया के दौरान एक प्रत्याशी द्वारा नामांकन वापस लिए जाने के बाद अब राजेंद्र सिंह का एग्जीक्यूटिव मेंबर पद पर निर्विरोध निर्वाचन लगभग तय माना जा रहा है। उन्होंने बताया कि सुप्रीम कोर्ट के निदेर्शानुसार बार एसोसिएशन में महिला आरक्षण के तहत जॉइंट सेक्रेटरी पद के लिए मनीषा रानी ने नामांकन दाखिल किया है।

पुरुषोत्तमपुरा बाग के 2000 वर्ग फीट एरिया में बनने वाली रंगोली में दिखेंगे राष्ट्र सेवा के रंग



कुरुक्षेत्र। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि सरकार द्वारा चलाए जा रहे सेवा संकल्प अभियान के तहत पुरुषोत्तमपुरा बाग में 2000 वर्ग फीट एरिया में भव्य रंगोली का आयोजन किया जाएगा। इस रंगोली में राष्ट्र सेवा के रंगों के लिए अनाज, फल, फूल, पत्तों सहित अन्य सामग्री का प्रयोग किया जाएगा। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी 17 सितंबर को सेवा संकल्प अभियान के तहत कुरुक्षेत्र में होने वाले कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे। विश्व प्रसिद्ध ब्रह्मसरोवर पर भव्य रंगोली, रक्तदान शिविर, आशीर्वाद का दीया और ड्रोन शो का आयोजन किया जाएगा। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा वीरवार को लघु सचिवालय के वीडियो कांफ्रेंस सभागार में आयोजित बैठक में अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दे रहे थे। इससे पहले मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी ने वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से सेवा संकल्प अभियान को लेकर कुछ आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिला में 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताएं, उत्सव व कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। जिला प्रशासन ने इन कार्यक्रमों को लेकर सभी तैयारियों के लिए अलग-अलग विभागों को जिम्मेदारियां सौंपी हैं।

किसानों को सही मूल्य और समय पर भुगतान दिलाना सरकार की प्राथमिकता




कुरुक्षेत्र। हरियाणा राज्य कृषि विपणन बोर्ड के चेयरमैन वेदपाल एडवोकेट ने कहा कि सरकार का उद्देश्य केवल किसानों की फसल खरीदना नहीं, बल्कि उन्हें सही मूल्य, समय पर भुगतान और मंडियों में बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना है। किसानों को जागरूक करने के लिए प्रदेश में अब तक 450 जागरूकता शिविर आयोजित किए जा चुके हैं।वेदपाल वीरवार को गांव अभिमन्युपुर की अनाज मंडी में मार्केट कमेटी थानेसर की ओर से आयोजित किसान जागरूकता शिविर में बतौर मुख्यातिथि संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने धान खरीद सीजन के लिए सभी तैयारियां समय पर पूरी करने के निर्देश दिए हैं। फसल बिक्री के लिए किसान या अधिकृत प्रतिनिधि का बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण अनिवार्य होगा। तौल इलेक्ट्रॉनिक वेइंग स्केल से ही की जाएगी।

भाजपा ने जिला पदाधिकारियों की नियुक्तियां कीं, साहिल सुधा सहित छह बने जिला उपाध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष रमेश सैनी ने प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अर्चना गुप्ता की सहमति से कुरुक्षेत्र जिले में संगठनात्मक नियुक्तियों की घोषणा की है। नई नियुक्तियों के तहत पार्टी ने जिला संगठन में विभिन्न पदों पर पदाधिकारियों की जिम्मेदारियां तय की हैं। जारी सूची के अनुसार देवी दयाल शर्मा, परमजीत कश्यप, राजकुमार बेदी, विजय लक्ष्मी, साहिल सुधा और संजीव सीकरी को जिला उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। वहीं सतपाल मास्टर और देशराज शर्मा को जिला महामंत्री की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसके अलावा तिलकराज अग्रवाल, राजदीप कौर, रीना सैनी, गुलशन, अमन भार्गव, नरेश कातलारी और हन्नू चक्रपाणी को जिला मंत्री नियुक्त किया गया है। अंकुश गोयल को कोषाध्यक्ष, अनिल गोलपुरा व सोमपाल



राणा को जिला कार्यालय सचिव व सह सचिव नियुक्त किया गया। सर्वजीत हैप्पी विर्क को जिला प्रवक्ता, विजय कांबोज को जिला आईटी प्रमुख, दीपक आश्री को जिला सोशल मीडिया प्रमुख, नरेंद्र पांचाल को जिला मीडिया प्रमुख व तरुण धीमान को जिला मन की बात प्रमुख नियुक्त किया गया है। भाजपा जिला संगठन में इन नियुक्तियों को आगामी संगठनात्मक गतिविधियों को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

प्रधान सचिव अमनीत पी. कुमार आईएएस ने खाद्य आपूर्ति एवं खेल विभाग के अधिकारियों की ली बैठक

पिहोवा। उपमंडल अधिकारी नागरिक आईएएस राहुल कनवारिया की अध्यक्षता में खाद्य एवं आपूर्ति विभाग तथा खेल विभाग की प्रधान सचिव अमनीत पी. कुमार आईएएस ने सिंचाई विभाग रेस्ट हाउस, पिहोवा में दोनों विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक की।



पिहोवा पहुंचने पर एसडीएम राहुल कनवारिया ने प्रधान सचिव को पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया। बैठक को संबोधित करते हुए प्रधान सचिव अमनीत पी. कुमार ने कहा कि खरीफ सीजन शुरू हो चुका है। ऐसे में सभी अधिकारी एवं कर्मचारी अपने कार्यों के प्रति सजग रहें तथा सीजन के दौरान किसी भी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए संबंधित कार्य समय रहते पूरे करना सुनिश्चित करें। प्रधान सचिव ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि विभाग के पास उपलब्ध गेहूं के स्टॉक को खराब होने से बचाने के लिए समय-समय पर फ्यूमिगेशन करवाया जाए। इसके अलावा आगामी खरीफ सीजन के लिए लेबर एवं ट्रांसपोर्ट के टेंडर की प्रक्रिया भी समय रहते पूरी की जाए। बैठक के दौरान प्रधान सचिव ने खेल विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिला स्तर पर सरकार द्वारा संचालित खेल स्टेडियमों एवं खेल नर्सरियों में खिलाड़ियों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाना प्राथमिकता पर सुनिश्चित किया जाए।

अच्छे संस्कारों से ही बनता है सभ्य और स्वस्थ समाजः ब्रह्मस्वरूप ब्रह्मचारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



- कांग्रेस नेता लक्ष्मीकांत शर्मा के आवास पर जयराम संस्थाओं के अध्यक्ष का हुआ भव्य स्वागत

बच्चों को आधुनिक शिक्षा के साथ अच्छे संस्कार और आध्यात्मिक मूल्यों से जोड़ना बेहद जरूरी है। अच्छे संस्कारों से ही सभ्य, स्वस्थ और मानसिक रूप से मजबूत समाज का निर्माण संभव है। यह बात देश-विदेश में फैली जयराम संस्थाओं के अध्यक्ष स्वामी ब्रह्मस्वरूप ब्रह्मचारी जी महाराज ने कांग्रेस नेता लक्ष्मीकांत शर्मा के आवास पर आयोजित स्वागत समारोह में कही। स्वामी ब्रह्मस्वरूप ब्रह्मचारी जी महाराज नवविवाहित दंपती विशाल और काजल को आशीर्वाद देने के लिए परिवार के बीच पहुंचे थे। इस दौरान लक्ष्मीकांत शर्मा ने उन्हें शाल भेंट कर स्वागत किया। इस अवसर पर डॉ. गिरधारी लाल शर्मा, कांग्रेस नेता सुरेंदर फौजी, योगराज शास्त्री, शिवकुमार पराशर, मदन लाल सारसा, नगर पार्षद एवं आर्किटेक्ट केसी रंगा, रूपचंद, करण सिंह राणा, विशाल शर्मा, अरविंद शर्मा, सतपाल शर्मा, यशपाल राणा, चंद्रमणि सांवत, लालमणि जोशी, यशपाल गौतम, एडवोकेट विश्वनाथ शर्मा, सुनील गौरी, डॉ. ओमप्रकाश, एडवोकेट शिवकुमार, संजीव सांवत, प्रदीप कुमार, हरिसिंह, सेवा सिंह सहित परिवार के सदस्य मौजूद रहे।

भाजपा ने अंकुश गोयल को दूसरी बार बनाया जिला कोषाध्यक्ष



लाडवा। भारतीय जनता पार्टी ने संगठन में कार्य करने की जिम्मेदारी और निष्ठा को देखते हुए एक बार फिर अंकुश गोयल पर विश्वास जताया है। पार्टी द्वारा उन्हें पुनः जिला कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई है। उनके दोबारा जिला कोषाध्यक्ष नियुक्त होने से पार्टी कार्यकर्ताओं में खुशी का माहौल है। अंकुश गोयल लंबे समय से भारतीय जनता पार्टी के संगठनात्मक कार्यों से जुड़े हुए हैं और पार्टी की गतिविधियों में सक्रिय भूमिका निभाते रहे हैं। अंकुश गोयल ने अपनी पुनर्नियुक्ति पर पार्टी के शीर्ष नेतृत्व एवं वरिष्ठ पदाधिकारियों का आभार व्यक्त किया।

सीवर लाइन बिछाने की मांग को लेकर गणेश कॉलोनीवासी डीपी चौधरी से मिले



कुरुक्षेत्र। सलारपुर रोड स्थित ग्राम खेड़ी ब्राह्मणान की गणेश कॉलोनी के निवासियों ने क्षेत्र में लंबे समय से बनी सीवरेज व्यवस्था की समस्या को लेकर जिला परिषद के उपाध्यक्ष धर्मपाल चौधरी डीपी को एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से कॉलोनीवासियों ने अपनी गली में जल्द से जल्द नई सीवर लाइन डलवाने की पुरजोर मांग की है। सौंपे गए ज्ञापन में निवासियों ने बताया कि गली में सीवरेज लाइन न होने के कारण जलभराव और गंदगी की स्थिति बनी रहती है। इससे न केवल आने-जाने वाले लोगों और स्कूली बच्चों को परेशानी होती है, बल्कि संक्रामक बीमारियों के फैलने का खतरा भी हमेशा बना रहता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि वे इस समस्या को लेकर पहले भी कई बार संबंधित अधिकारियों को अवगत करा चुके हैं, लेकिन अब तक कोई समाधान नहीं हुआ है। मंत्री ने प्रतिनिधियों की समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना और अधिकारियों को मामले का संज्ञान लेकर जल्द उचित कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर रामपाल, धर्मपाल, रिंकू, राकेश, पवन, कमला, बलबीर, रीटा, मोती, जीतो सहित कॉलोनी के कई गणमान्य व्यक्ति और निवासी मौजूद रहे।

प्रधानमंत्री के सेवाभाव को जन-जन तक पहुंचाएंगे भाजपा कार्यकर्ता : कलसाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| शाहबाद



- सेवा संकल्प अभियान को लेकर गांव धुराला में कार्यक्रम

भारतीय जनता पार्टी की ओर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन के 25 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में चलाए जाने वाले सेवा संकल्प अभियान को लेकर शाहाबाद विधानसभा क्षेत्र के गांव धुराला में विशेष कार्यक्रम का आयोजन मंडल अध्यक्ष रवि खेड़ा की देखरेख में किया गया। कार्यक्रम में भाजपा के जिला अध्यक्ष रमेश सैनी, हरियाणा राज्य सहकारी कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक के चेयरमैन सुभाष कलसाना और भाजपा के कैथल के पूर्व जिलाध्यक्ष मुनीष कठवाड़ ने मुख्य वक्ता के रूप में शिरकत की। इस दौरान जिला चेयरमैन सुभाष कलसाना ने कार्यकर्ताओं और ग्रामीणों को सेवा संकल्प अभियान की रूपरेखा के बारे में विस्तार से जानकारी दी तथा अभियान को गांव-गांव और बूथ स्तर तक पहुंचाने का आह्वान किया। सुभाष कलसाना ने कहा कि यह अभियान 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक देशभर में चलाया जाएगा।भाजपा कार्यकर्ता प्रधानमंत्री के सेवाभाव को जन-जन तक पहुंचाएंगे। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष रमेश सैनी, पूर्व जिला अध्यक्ष कैथल मुनीष कठवाड़, मंडल अध्यक्ष रवि खेड़ा, देशराज शर्मा, निरवैर सिंह, राजेश शर्मा, सहदेव मलान, रोशन लाल, दलबीर सैनी, कंवरजीत, मनीष, तिलक राज आदि मौजूद रहे।

बस स्टैंड-बाजार की राह होगी आसान, साढ़े 5 फीट डाउन स्लोप पर जल्द पड़ेगी कंक्रीट

कुरुक्षेत्र। शहर के बस स्टैंड और बाजार क्षेत्र में यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम आगे बढ़ा है। एलेवेटेड ट्रैक के नीचे बनाए जा रहे साढे 5 फीट डाउन स्लोप का निर्माण कार्य अब अंतिम चरण में पहुंच गया है। पूर्व राज्य मंत्री सुभाष सुधा ने गुरुवार सुबह मौके पर पहुंचकर निर्माण कार्य का निरीक्षण किया और मौके पर चल रहे कार्य की प्रगति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान सामने आया कि स्लोप पर सरिए के जाल की बंधाई का कार्य लगभग पूरा हो चुका है। अब इसके ऊपर कंक्रीट डालने का कार्य जल्द शुरू किया जाएगा। कंक्रीट का काम पूरा होने के बाद मार्ग को वाहनों की आवाजाही के लिए तैयार किया जाएगा। सुभाष सुधा ने कहा कि डाउन स्लोप के तैयार होने से बस स्टैंड और बाजार क्षेत्र में आने-जाने वाले लोगों को बड़ी सुविधा मिलेगी। यह मार्ग केवल छोटे वाहनों के लिए ही नहीं, बल्कि भारी वाहनों के आवागमन के लिए भी उपयोगी साबित होगा। इससे क्षेत्र में वाहनों की आवाजाही अधिक सुगम होगी और यातायात व्यवस्था को व्यवस्थित करने में भी मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि शहर में चल रहे विकास कार्यों का सीधा लाभ आमजन तक पहुंचाना प्राथमिकता है।



सेक्टर 2, 3 और 30 की समस्याओं को लेकर एस्टेट ऑफिसर से मिले आरडब्ल्यूए पदाधिकारी



कुरुक्षेत्र। सेक्टर 2, सेक्टर 3 और सेक्टर 30 की समस्याओं को लेकर रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन सेक्टर 30 के प्रधान डॉ. केवल कृष्ण, तेजपाल सिंह, देवेंद्र अग्रवाल, सेक्टर 2 के प्रधान धर्मपाल सिंह, सुनील बक्शी, डॉ विमल चौहान, रणधीर सैनी ने एचएसवीपी विभाग के एस्टेट ऑफिसर आशीष कुमार एवं अन्य विभागों के अधिकारियों के साथ मीटिंग एचएसवीपी ऑफिस में की। इस अवसर पर डॉ. केवल कृष्ण ने विभिन्न समस्याओं को विस्तारपूर्वक एस्टेट ऑफिसर के समक्ष रखा। उन्होंने कहा कि सेक्टरों में सफाई, स्ट्रीट लाइट, अतिक्रमण, सी सी टीवी कैमरे, जल निकासी तथा अन्य मूलभूत सुविधाओं से संबंधित समस्याओं के शीघ्र समाधान की आवश्यकता है। प्रतिनिधिमंडल ने इन समस्याओं से संबंधित ज्ञापन भी एस्टेट ऑफिसर को सौंपा। डॉ. केवल कृष्ण ने कहा कि रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन का उद्देश्य केवल समस्याओं को उठाना ही नहीं, बल्कि उनका स्थायी समाधान सुनिश्चित करना है। इस अवसर पर रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन सेक्टर 30 की ओर से एस्टेट ऑफिसर आशीष कुमार को सम्मान-पत्र भेंट कर सम्मानित किया गया। एसोसिएशन पदाधिकारियों ने कहा कि अधिकारियों द्वारा जनसमस्याओं को गंभीरता से सुनना और उनके समाधान के लिए सकारात्मक पहल करना सराहनीय है। प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि सेक्टर 2, 3 और 30 के निवासियों की सुविधाओं और क्षेत्र के समग्र विकास के लिए भविष्य में भी संबंधित विभागों के समक्ष समस्याओं को प्रभावी ढंग से उठाया जाता रहेगा।

कार्यक्रम | कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी आयोजित

डॉ. अंबेडकर पर लिखित पुस्तक का विमोचन भी किया

गुरु रविदास की वाणी समता, मानवता और सामाजिक न्याय का मार्ग दिखाती : संत मंदीप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



कुरुक्षेत्र। राष्ट्रीय संगोष्ठी को संबोधित करते विचार डेरा सिरसागढ़ के मुख संचालक संत मंदीप दास।

गुरु रविदास जी की वाणी समता, मानवता और सामाजिक न्याय का मार्ग दिखाती है। गुरु रविदास जी महाराज की शिक्षाएं किसी एक जाति, वर्ग, संप्रदाय अथवा देश तक सीमित नहीं हैं, बल्कि संपूर्ण मानवता के लिए प्रेरणास्रोत हैं। उन्होंने ऐसे समय में समाज को ज्ञान, भक्ति, प्रेम, समानता और सामाजिक न्याय का मार्ग दिखाया, जब जातिगत भेदभाव, छुआछूत और सामाजिक कुरीतियां गहराई तक व्याप्त थीं। यह विचार डेरा सिरसागढ़ के मुख संचालक संत मंदीप दास ने कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में संत शिरोमणि गुरु रविदास चेयर द्वारा वर्तमान सामाजिक परिप्रेक्ष्य में संत शिरोमणि गुरु रविदास जी के दर्शन एवं शिक्षाओं की प्रासंगिकता विषय पर गुरुवार को सीनेट हॉल में आयोजित एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी में व्यक्त किए। इससे पहले दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर अतिथियों द्वारा डॉ. परवेश द्वारा डॉ. अंबेडकर पर लिखित पुस्तक का विमोचन भी किया गया। डॉ. गुरु रविदास चेयर के सह-संयोजक व डॉ. अम्बेडकर केन्द्र के निदेशक डॉ. प्रीतम सिंह ने सभी अतिथियों का स्वाागत करते हुए कहा कि श्रेष्ठ एवं समाज का मार्गदर्शन करने वाले लोग जैसा आचरण करते हैं, आने वाली पीढ़ियाँ भी उसी से प्रेरणा लेती हैं। गुरु रविदास जी पंद्रहवीं शताब्दी के महान संत, कवि और समाज सुधारक थे। उन्होंने जातिभेद, पाखंड और सामाजिक विषमता का विरोध करते हुए समानता, मानवता और सामाजिक समरसता का संदेश दिया। उनका स्पष्ट मानना था कि मनुष्य की पहचान जन्म से नहीं, बल्कि उसके कर्म और गुणों से होती है। साहित्य अकादमी, पंचकूला के उपाध्यक्ष प्रो. कुलदीप चंद अग्निहोत्री ने मुख्य वक्ता के रूप में कहा कि व्यक्ति की पहचान जाति नहीं, ज्ञान और कर्म से होती है।

गीता को ज्ञान प्राप्ति का बताया आधार

सम्मानित अतिथि के रूप में प्रो. रमेश धारीवाल, राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर ने कहा कि भारत का निर्माण किसी एक राजा या योद्धा ने नहीं, बल्कि ऋषियों, मुनियों, संतों, महात्माओं और गुरुओं की ज्ञान परंपरा ने किया है। प्रो. हरेंद्र सिंह असवाल, दिल्ली विश्वविद्यालय ने कहा भारतीय संत परंपरा ज्ञान, मानवता और सामाजिक चेतना की निरंतर धारा है। श्रीकृष्ण ने गीता में भक्ति, ज्ञान और कर्म का संदेश देते हुए श्रद्धा को ज्ञान प्राप्ति का आधार बताया। हिंदी विभाग के अध्यक्ष प्रो. महासिंह पूनिया ने कहा कि भारतीय संत परंपरा सनातन संस्कृति की आत्मा है, जिसमें कबीर, तुलसीदास, संत रविदास और संत गरीबदास जैसे महान संतों ने समाज को नई दिशा दी। संत रविदास जी की शिक्षाएँ लगभग 650 वर्ष बाद भी उतनी ही नहीं, बल्कि आज के समय में और अधिक प्रासंगिक है। इस अवसर पर डॉ. प्रीतम सिंह, प्रो. लहरी सिंह, रामकरण, शेर सिंह बांगड, मीहा सिंह, सूरज बेदी, कृष्ण चंद रंगा, बी.आर सिरोही, जसपाल मेहरा, जनरैल रंगा, श्रीकृष्ण कुमार, राकेश भोसले, रामकुमार, धर्मपाल पूनिया, राजकपूर अहलावत, प्रो. सुरेश, प्रो. सुभाष चंद, डॉ. धर्मबीर, प्रो. आरके मोदगिल, प्रो. कृष्णा, प्रो. रीटा, प्रो. कुसुमलता, प्रो. परमेश कुमार, प्रो. दीपक राय बब्बर, डॉ. हरिओम फुलिया, डॉ. रमेश सिरोही, डॉ. परवेश, डॉ. जे.के. चंदेल, डॉ. भंवर, दिविज गुगनानी, डॉ. तेलूराम, कुटा प्रधान डॉ. जितेंद्र खटकड़, डॉ. सिम्मी धीर, रचिता सहित सहित विश्वविद्यालय के शिक्षक, शोधार्थी एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

खबर संक्षेप

सीआरएम स्कीम पर किसानों को किया जागरुक

अंबाला। कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के उप कृषि निदेशक डॉ. वजीर सिंह के दिशा निर्देशों के अनुसार सीआरएम स्कीम के तहत जिला में कर्मचारियों/अधिकारियों व नोडल आफिसर की ड्यूटी लगाई गई है। इसमें एएफएल की घटनाओं को शून्य लाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया। जिला के कृषि एवं किसान कल्याण विभाग में कार्यरत अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा जिले के सभी गावों में एग्रीस्टेक व फसल अवशेष प्रबर्धन कैपों के द्वारा किसानों को फसल प्रबंधन हेतू जागरुक किया जा रहा है। किसानों को बताया जा रहा है कि वातावरण को प्रदूषित होने से बचाने के लिए व बच्चों / बुजुर्गों पर पडने वाले दुष्प्रभाव की रोकथाम हेतु धान की कटाई करने के बाद शेष बचे हुए अवशेषों को जलाने पर सरकार द्वारा पूर्णतय प्रतिबंध लगाया हुआ है।

उद्यमिता सत्र में जोखिम पर छात्रों को किया जागरूक

शहजादपुर। विश्व उद्यमिता उत्सव के उपलक्ष्य में महारानी पद्मावती राजकीय महिला महाविद्यालय की एंटरप्रेन्योरशिप डिवेलपमेंट सैल द्वारा वुमैन सैल, गणित और वाणिज्य विभागों के संयुक्त सहयोग से छात्राओं में उद्यमशीलता की भावना जगाने के लिए एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस उत्सव के दौरान उद्यमिता जागरूकता अभियान, पोस्टर प्रस्तुति, व्यावहारिक शिक्षण सत्र और छात्राओं के एंटरप्रेन्योरियल पोटेंशियल व एप्टीट्यूड टेस्ट जैसी विभिन्न गतिविधियां आयोजित की गईं। कार्यक्रम में स्थानीय महिला उद्यमी नीरू ने अपनी व्यावसायिक यात्रा साझा करते हुए छात्राओं को नपे-तुले जोखिम लेने व सपनों को पूरा करने के लिए प्रेरित किया।

तहसीलदार ने लोगों की समस्याएं सुनी

शहजादपुर। उपमंडल स्तर पर आयोजित समाधान शिविर में नायब तहसीलदार सुनील कुमार ने लोगों की समस्याएं सुनी। विभागीय अधिकारियों को प्राथमिकता के आधार पर समाधान करने के निर्देश दिए। शिविर में महिंदर कौर, गांव डेरा की रिम्पी रानी ने परिवार पहचान पत्र मे आय कम करवाने का अनुरोध किया। गांव खेडक़ी जटान की कुशमलता ने विधवा पेंशन लगवाने का अनुरोध किया। वार्ड नंबर 10 के कर्मजीत सिंह ने प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने की मांग रखी।

सितंबर में एनएसओ करेगा विभिन्न सर्वेक्षण

जींद। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय की सहायक निदेशक श्रेया अग्रवाल ने बताया कि भारत सरकार के सांख्यिकी कार्यक्रम देशभर में समय-समय पर परिवारों, दुकानों, प्रतिष्ठानों तथा अन्य छोटे.बड़े व्यवसायों से जुड़ी जानकारी एकत्रित करता है। इसी आधार पर केंद्र सरकार इस जानकारी का उपायोग कर लोगों की वास्तविक स्थिति समझने और उनके लिए बेहतर योजनाएं एवं नीतियां बनाने में कार्य करती है। सहायक निदेशक ने बताया कि राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय की टीम जिला के कुछ चयनित क्षेत्रों में जाकर परिवारों और व्यवसायों से जानकारी लेगी। जिन परिवारों या प्रतिष्ठानों का चयन सर्वेक्षण के लिए हुआ है।

पत्नी की हत्या में इस्तेमाल छुरी जब्त, आरोपी जेल पहुंचा

अंबाला। पत्नी हिना की छुरी घोंपकर हत्या करने के आरोपी पति बंटी से रिमांड के दौरान बलदेव नगर थाना पुलिस ने वारदात में इस्तेमाल हथियार और अहम साक्ष्य बरामद कर लिए हैं। पुलिस के अनुसार, आरोपी ने पूछताछ के दौरान खुलासा किया कि वारदात को अंजाम देने के बाद उसने खून से सनी कमीज और छुरी को सिटी में सुल्तानपुर रेल फाटक के पास एक गड्ढे में दबा दिया था। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर बताई गई जगह से छुरी व कमीज बरामद कर ली है। पुलिस की पूछताछ में आरोपी बंटी ने बताया कि उसकी पत्नी हिना का फोन अक्सर व्यस्त रहता था। इसके चलते उसे उस पर गलत संबंधों का शक होता था। आरोपी ने पहले भी कई बार पत्नी को चेतावनी दी थी, लेकिन इसी बात को लेकर दोनों के बीच आए दिन झगड़ा होता रहता था। रिमांड के दौरान आरोपी की निशानदेही पर सुल्तानपुर रेल फाटक के पास गड्ढे में दबाई गई छुरी व खून से सनी कमीज बरामद कर ली गई है। रिमांड खत्म होने पर आरोपी को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 8295154800, 9253681010, 9253681005

तीन परियोजनाओं को तय समय पर पूरा करने के निर्देश

अक्टूबर तक तैयार होगा महिला कॉलेज, डीसी ने किया मुआयना

निर्माणाधीन महिला महाविद्यालय तथा नागरिक अस्पताल के नजदीक निर्माणाधीन 100-200 बैड अस्पताल का निरीक्षण किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला



अंबाला। निर्माण योजना का मुआयना करते डीसी व अन्य अधिकारी।

उपायुक्त ने वीरवार को अंबाला शहर में निर्माणाधीन तीन महत्वपूर्ण परियोजनाओं का स्थल निरीक्षण कर प्रगति की समीक्षा की। लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) तथा संबंधित विभागों को निर्धारित समय-सीमा का सख्ती से पालन करते हुए कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए।

पशुपालन विभाग कार्यालय के नजदीक निर्माणाधीन ईवीएम/वीवीपैट वेयरहाउस, सेक्टर-10 में वाटिका के नजदीक निर्माणाधीन राजकीय महिला महाविद्यालय तथा नागरिक अस्पताल अंबाला शहर के नजदीक निर्माणाधीन 100-200 बैड अस्पताल का निरीक्षण किया। प्रत्येक परियोजना में अब तक हुए कार्य, शेष कार्य, आवश्यक स्वीकृतियों, एस्टीमेट, सिविल एवं इलेक्ट्रिकल कार्यों तथा अन्य संबंधित पहलुओं की जानकारी ली। उपायुक्त ने स्पष्ट किया कि महत्वपूर्ण परियोजनाओं में निर्धारित समय-सीमा का पालन अनिवार्य है। किसी भी स्तर पर टालने योग्य देरी स्वीकार्य नहीं होगी। उन्होंने संबंधित विभागों को अपनी-अपनी जिम्मेदारियों का समयबद्ध निर्वहन करने तथा किसी भी मुद्दे का समाधान आपसी समन्वय से तुरंत सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान सबसे पहले पशुपालन विभाग कार्यालय के नजदीक बनाए जा रहे ईवीएम/वीवीपैट वेयरहाउस का जायजा लिया गया। लोक निर्माण विभाग के कार्यकारी अभियंता रितेश अग्रवाल से परियोजना की प्रगति की जानकारी ली। संबंधित अधिकारी ने बताया कि यहां ग्राउंड फ्लोर तथा दो मंजिला भवन का निर्माण किया जाना है। इस संबंध में संशोधित एस्टीमेट मुख्यालय को भेजे जा चुके हैं। संशोधित एस्टीमेट की स्वीकृति से संबंधित पत्राचार एवं फॉलो-अप को प्राथमिकता के आधार पर किया जाए।

गुणवत्ता भी सर्वोच्च प्राथमिकता

उपायुक्त ने कहा कि परियोजनाओं को निर्धारित समय में पूरा करने के लिए कार्य की गति बढ़ाना आवश्यक है, लेकिन गुणवत्ता मानकों से किसी भी स्थिति में समझौता नहीं किया जा सकता। उन्होंने संबंधित अधिकारियों एवं एजेंसियों को स्वीकृत ड्रॉइंग, निर्धारित तकनीकी मापदंडों, गुणवत्ता मानकों एवं अन्य आवश्यक प्रावधानों का पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने यह भी कहा कि सिविल, इलेक्ट्रिकल एवं अन्य संबद्ध कार्यों की समयबद्ध योजना बनाकर उन्हें समन्वित रूप से आगे बढ़ाया जाए।

भवन तैयार करने के निर्देश

इसके बाद उपायुक्त ने सेक्टर-10 में वाटिका के नजदीक निर्माणाधीन राजकीय महिला महाविद्यालय का निरीक्षण किया तथा निर्माण कार्य की प्रगति का मौके पर जायजा लिया। उन्होंने संबंधित विभाग एवं ठेकेदार को निर्देश दिए कि लेबर एवं आवश्यक संसाधनों की संख्या बढ़ाकर कार्य को युद्धस्तर पर गति दी जाए। स्पष्ट निर्देश दिए कि महाविद्यालय भवन का निर्माण 5 अक्तूबर से पहले पूरा किया जाना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को शेष कार्यों की प्राथमिकता तय करते हुए एक स्पष्ट कार्ययोजना के अनुसार कार्य करने तथा प्रतिदिन की प्रगति पर निगरानी रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि समय-सीमा को ध्यान में रखते हुए पर्याप्त मैनपॉवर एवं संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए और विभिन्न कार्यों को जहां संभव हो, समानांतर रूप से आगे बढ़ाया जाए।

उपायुक्त ने महाविद्यालय की प्राचार्य सुमन सिरोही तथा संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि भवन तैयार होने के बाद उसे तत्काल उपयोग में लाने के लिए फर्नीचर, उपकरण एवं अन्य आवश्यक इंफ्रास्ट्रक्चर की मांग से संबंधित पत्राचार मुख्यालय स्तर पर समय रहते पूरा करें। उन्होंने कहा कि विभाग की ओर से आवश्यक इनपुट, स्वीकृति अथवा अन्य आवश्यकता में किसी प्रकार की देरी निर्माण कार्य की समय-सीमा को प्रभावित नहीं करनी चाहिए।

100-200 बैड अस्पताल के कार्य को पूरा करें

उपायुक्त ने अंबाला शहर के नागरिक अस्पताल के नजदीक निर्माणाधीन 100-200 बैड अस्पताल का भी निरीक्षण किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से अब तक पूर्ण किए गए कार्यों तथा शेष कार्यों की विस्तृत जानकारी ली और निर्देश दिए कि सभी लंबित कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा करते हुए परियोजना की गति बढ़ाई जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि कार्य में तेजी लाने के साथ-साथ निर्माण की गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा। सिविल कार्यों के साथ-साथ इलेक्ट्रिकल एवं अन्य संबद्ध कार्यों की प्रगति की भी समीक्षा की और निर्देश दिए कि सभी कार्यों को आपसी समन्वय के साथ आगे बढ़ाया जाए, ताकि परियोजना के अंतिम चरण में किसी भी संबद्ध कार्य के लंबित रहने के कारण देरी न हो।

तीनों परियोजनाएं है महत्वपूर्ण

ईवीएम/वीवीपैट वेयरहाउस चुनावी व्यवस्था से संबंधित आधारभूत ढांचे को मजबूत करेगा, राजकीय महिला महाविद्यालय महिलाओं के लिए उच्च शिक्षा के बेहतर अवसरों को विस्तार देगा, जबकि 100-200 बैड अस्पताल अंबाला शहर में स्वास्थ्य सेवाओं एवं चिकित्सा आधारभूत ढांचे को और मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।इस अवसर पर नगराधीश अभिषेक गर्ग, सिविल सर्जन डॉ. रेनू बेरी, कार्यकारी अभियंता रितेश अग्रवाल, कार्यकारी अभियंता नवीन राठी, कार्यकारी अभियंता कर्णवीर सिंह, डॉ. सुखप्रीत, डॉ. संजीव सिंगला, चुनाव तहसीलदार गुलशन शर्मा भी उपस्थित रहे।

वार्ड 1 में पानी के संकट पर पूर्व मंत्री को करवाया अवगत



अंबाला। लोगों की समस्याएं सुनते पूर्व मंत्री असीम गोयल।

- वार्ड नंबर 14 में सड़कों की जर्जर हालत की समस्या के जल्द समाधान के दिए आदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

पूर्व राज्यमंत्री असीम गोयल नन्यौला ने वीरवार को अपने आवास पर अंबाला शहर विधानसभा क्षेत्र से आए लोगों की समस्याओं को सुनकर कार्रवाई के आदेश दिए। पूर्व राज्यमंत्री ने यहां आए लोगों की समस्याओं को विस्तारपूर्वक सुना। उन्होंने कहा कि जन सुनवाई कार्यक्रम के तहत लोगों ने विकास कार्यों से संबंधित जो बातें रखी हैं उन सभी बातों के तहत विकास कार्यों को चरणबद्ध तरीके से करवाने का काम किया जाएगा। इस दौरान एचकेआरएन के कर्मचारियों ने अपनी समस्या को लेकर गोयल से मुलाकात की। वार्ड नंबर 1 से आए लोगों ने ट्यूबवेल की समस्या रखी, वार्ड नंबर 14 से आए लोगों ने सडक़ों के निर्माण का आग्रह किया। वार्ड नंबर 4 से आए लोगों ने विभिन्न कार्यों करवाने का आग्रह किया। गांव बलाना से आए लोगों ने नहरी पानी की आपूर्ति , वार्ड नंबर 20 से आए लोगों ने अपने वार्ड में किए जाने वाले विभिन्न कार्यों की स्थिति पूर्व मंत्री के समक्ष रखी। पूर्व राज्यमंत्री ने सभी लोगों को कहा कि उनकी सभी समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान किया जाएगा। इस मौके पर पूर्व राज्यमंत्री असीम गोयल ने कहा कि प्रत्येक वीरवार को अंबाला शहर विधानसभा क्षेत्र से कोई भी व्यक्ति आकर जन सुनवाई कार्यक्रम में अपनी समस्या रख सकता है। जन सुनवाई कार्यक्रम के तहत उनका पूरा प्रयास रहता है कि लोगों की समस्याओं को समझकर उनका तीव्रता से समाधान किया जा सके। उन्होने कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकार हर वर्ग के हित में लगातार कार्य कर रही है। सभी लोगों को जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रदान किया जा रहा है। इस मौके पर निगम सदस्य वरिंद्र नाथ, शोभा पुनिया, गुरप्रीत सिंह, मार्किट कमेटी चेयरमैन जसविंद्र सिंह उगाड़ा, दिनेश लदाना, संजीव गोयल टोनी, अभिषेक सोहता, मुकेश कुमार, सौरभ गुप्ता अभय जैन, बीनू गर्ग, चंद्र मोहन फौजी, सोनू सकराहों, सरदूल सिंह भी मौजूद रहे।

कोरोना में 'योद्धा' कहकर सम्मानित किए अब उन्हीं सफाईकर्मियों की आवाज अनसुनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला



अंबाला। सफाई कर्मियों को संबोधित करती चित्रा सरवारा *फोटो : हरिभूमि*

सफाई, सीवर एवं अग्निशमन विभाग के कर्मचारियों के प्रस्तावित प्रदर्शन में शामिल होकर वरिष्ठ नेत्री चित्रा सरवारा ने कर्मचारियों की मांगों और उनके संघर्ष के प्रति पूर्ण समर्थन व्यक्त करते हुए सरकार से सख्ती के बजाय संवाद का रास्ता अपनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि कोरोना महामारी के कठिन दौर में जब लोग घरों से बाहर निकलने से भी भयभीत थे, तब सफाई कर्मचारी अपनी जान जोखिम में डालकर शहरों को स्वच्छ रखने और नागरिकों को सुरक्षित वातावरण देने के लिए लगातार अपनी ड्यूटी निभा रहे थे। उस समय सरकार और उसके प्रतिनिधियों ने इन्हें कोरोना योद्धा और स्वच्छता के अग्रिम प्रहरी बताते हुए सम्मानित किया था लेकिन आज जब यही कर्मचारी अपने अधिकारों, रोजगार की सुरक्षा और सम्मानजनक भविष्य की मांग को लेकर सड़कों पर उतरने को विवश हैं, तो उनकी आवाज सुनने के बजाय उनके साथ सख्ती क्यों बरती जा रही है। इस अवसर पर चित्रा ने सभी सफाई कर्मचारी भाई व बहनों के बीच मे बैठकर लंगर भी खाया और उनकी सारी मांगो को सुनते हुए कहा की हम इसका एक ज्ञापन बनाकर सरकार को भी जल्द ही देगें। सरवारा ने कहा कि सरकार को इस विरोधाभास का जवाब देना चाहिए कि कोरोना काल में जिन सफाई कर्मचारियों के साहस और सेवाभाव की प्रशंसा की गई। मौके पर नप सदस्य रणजीत कुमार सोनू गुज्जर,जीवन कुमार, संदीप शर्मा दीपी, नीलम कश्यप, राहुल सोनकर वीरू,पूर्व सदस्य सुरेश त्रेहन, गगन डांग,जय धीमान, नरेंद्र शाह, अविनाश कुमार, विजय गूंबर,वरुण करण आनंद,मनदीप कौर रहे।

प्रशासन के आश्वासन पर सांकेतिक भूख हड़ताल स्थगित, एसडीएम ने लिया ज्ञापन

- शांडिल्य बोले-हड़ताल खत्म नहीं हुई, मांगें पूरी होने तक संघर्ष जारी रहेगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला



अंबाला। नौरंग राय तालाब पर पहुंचे एसडीएम व अन्य अधिकारी।

नौरंग राय तालाब के अधूरे निर्माण, बदहाली एवं भगवान वामन से जुड़ी सनातन आस्था के सम्मान को लेकर सांकेतिक भूख हड़ताल पर बैठे विश्व हिन्दू तख्त के प्रमुख वीरेश शांडिल्य की भूख हड़ताल प्रशासन के आश्वासन के बाद स्थगित हो गई। प्रशासन की ओर से उपायुक्त के प्रतिनिधि के रूप में एसडीएम दर्शन सिंह धरनास्थल पर पहुंचे। वीरेश शांडिल्य से उनकी मांगों का ज्ञापन प्राप्त किया। इसके बाद एसडीएम ने शांडिल्य को जूस पिलाकर उनकी सांकेतिक भूख हड़ताल स्थगित करवाई। शांडिल्य ने कहा कि प्रशासन की ओर से उन्हें आश्वासन दिया गया है कि उनका ज्ञापन मुख्यमंत्री तक भेजा जाएगा। नौरंग राय तालाब से जुड़ी उनकी मांगों पर उचित कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया हमने प्रशासन के आश्वासन का सम्मान करते हुए भूख हड़ताल स्थगित की है। आंदोलन समाप्त नहीं किया है। यदि धरातल पर ठोस कार्रवाई नहीं हुई तो पुनः शांतिपूर्ण लोकतांत्रिक आंदोलन करेगा और मुख्यमंत्री निवास के बाहर भूख हड़ताल पर बैठेगा।

वाहन चलाते समय सीट बेल्ट व हेलमेट पहनना बेहद अनिवार्य



अंबाला। इंडियन एसोसिएशन ऑफ फिजियोथैरेपिस्ट द्वारा फिजियोथैरेपी के प्रति जन-जागरूकता एवं सडक सुरक्षा का संदेश जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से लेह-लद्दाख से कन्याकुमारी तक राष्ट्रीय फिजियो मशाल यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में आईएपी अंबाला शाखा द्वारा पंजाब शाखा से फिजियो मशाल प्राप्त कर स्वागत किया। कार्यक्रम में वार्ड नंबर 17 के निगम सदस्य गुरप्रीत सिंह शाना विशेषतौर पर मौजूद रहे। इस अवसर पर आईएपी टीम से डॉ. अखिल सोनी, संयोजक डॉ. इंदर शर्मा, महासचिव डॉ. हिमांशु पुरी समेतसमस्त पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम में डॉ. अंकुर शर्मा, डॉ. वीके पांडेय, डॉ. दीपक कश्यप, डॉ. डेनिस, डॉ. परवीन, डॉ. आर्यन, डॉ. पुष्पा, डॉ. रंजू, डॉ. नम्रता, डॉ. हिमांशी, डॉ. रीमा एवं डॉ. सोनम सहित आईएपी के अन्य सदस्य भी उपस्थित रहे। आईएपी अंबाला टीम ने लोगों को सडक सुरक्षा नियमों के पालन के लिए जागरूक करते हुए हेलमेट एवं सीट बेल्ट के अनिवार्य प्रयोग, तेज गति और नशे में वाहन चलाने से बचने की अपील की। टीम ने बताया कि सडक दुर्घटनाओं के बाद रीढ़ की हड्डी की चोट, मस्तिष्क की चोट, लकवा एवं फ्रेक्चर जैसी गंभीर स्थितियों में फिजियोथैरेपी पुनर्वास की महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। इस अवसर पर यह भी बताया गया कि आईएपी ने आगामी 2026-2027 सितंबर को आयोजित होने वाली वर्ल्ड फिजियोथैरेपी इंटरनेशनल कांफ्रेंस के लिए 12,000 फिजियोथैरेपिस्टों के पंजीकरण के साथ एक महत्वपूर्ण विश्व रिकॉर्ड उपलब्धि हासिल की है। राष्ट्रीय फिजियो मशाल यात्रा का उद्देश्य फिजियोथैरेपी के महत्व और सडक सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाते हुए इस संदेश को देश के प्रत्येक वर्ग तक पहुंचाना है।

बाढ़ प्रभावितों को उपलब्ध करवाई जरुरी सेवाएं



अंबाला। नेपाल में आई विनाशकारी बाढ़ और प्राकृतिक आपदा से प्रभावित लोगों तक चिकित्सा एवं मानवीय सहायता पहुंचाने के बाद फिलाडेल्फिया अस्पताल की टीम देश लौट रही है। इसी सेवा अभियान की श्रृंखला के अंतर्गत सुनौली नेपाल सीमा क्षेत्र में एक निशुल्क मेडिकल कैंप आयोजित किया गया। नेपाल में अपने मानवीय सेवा मिशन के दौरान टीम ने प्रभावित क्षेत्रों में पहुंचकर जरूरतमंद लोगों को चिकित्सा परामर्श, आवश्यक दवाइयां, स्वास्थ्य संबंधी मार्गदर्शन तथा भावनात्मक एवं मानवीय सहयोग प्रदान किया। वापसी के दौरान भी टीम ने सेवा कार्य को रोकने के बजाय सुनौली सीमा पर कैंप लगाकर जरूरतमंद लोगों की सहायता की। फिलाडेल्फिया अस्पताल की सेवा टीम में निदेशक डॉ. सुनील सादिक, प्रशासक अमित कपूर, डॉ. रजत लाजरस, डॉ. जोशुआ चेतन, एरिक डीन ने स्थानीय लोगों की स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना और उन्हें आवश्यक चिकित्सकीय सलाह एवं दवाइयाँ उपलब्ध कराईं। कैंप का उद्देश्य केवल चिकित्सा सुविधा देना ही नहीं बल्कि संकट के समय लोगों को यह विश्वास दिलाना था कि मानवता और करुणा की कोई सीमा नहीं होती। इस सेवा कार्य में कृष्ण कुमार शर्मा, नगर पंचायत अध्यक्ष हबीब खान तथा नगर परिषद अधिकारी संजय श्रीवास्तव का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ।

1 सितंबर को घायल ड्राइवर के लिए फरिस्ता बने डायल 112 के सिपाही

मुस्तैद पुलिस जवानों ने जख्मी बाइक सवार की बचाई जान

अंबाला-हिसार रोड पर दुर्गा नगर पेट्रोल पंप के पास बेसुध हालत में पड़ा था बाइक सवार

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला



अंबाला। बाइक सवार की जान बचाने वाले सम्मानित किए गए पुलिस अधिकारी व कर्मचारी। *फोटो : हरिभूमि*

मानवीय संवेदना और मुस्तैदी का एक सराहनीय मामला सामने आया है। 1 सितंबर 2026 की देर रात डॉयल-112 की टीम ने फरिस्ता बनकर एक घायल बाइक सवार की जान बचाई। त्वरित कार्रवाई और सूझबूझ का परिचय देने वाली इस टीम को पुलिस अधीक्षक अंबाला द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया है। घटना 1 सितंबर 2026 की रात्रि करीब 3:30 बजे की है। अंबाला-हिसार रोड पर दुर्गा नगर पेट्रोल पंप के पास एक बाइक सवार सड़क किनारे बेसुध हालत में पड़ा हुआ था। उसकी बाजू टूटी हुई थी। शरीर पर कई चोटें आई थीं। अंबाला-हिसार रोड एक व्यस्त मार्ग है, जहाँ रात के समय भी भारी संख्या में वाहन गुजरते हैं। ऐसे में घायल का सड़क पर इस तरह लावारिस हालत में पड़े रहना जानलेवा साबित हो सकता था। उस दौरान रात्रि गश्त पर तैनात डॉयल-112 की वाहन संख्या 103 मौके पर फरिस्ता बनकर पहुंची। इस ईआरवी पर उपनिरीक्षक रणधीर सिंह (इंचार्ज), चालक एसपीओ सुरेश कुमार और सहायक एसपीओ रणबीर सिंह ड्यूटी पर तैनात थे। किसी रहगीर द्वारा सूचना मिलते ही टीम बिना एक पल गंवाए तुरंत गाड़ी लेकर मौके पर पहुंची। पुलिसकर्मियों ने बिना देर किए घायल को तुरंत अपनी ईआरवी-103 गाड़ी में डालकर अंबालला शहर के सिविल अस्पताल में दाखिल करवाया, जिससे समय पर इलाज मिलने से उसकी जान बच गई। जांच में घायल की पहचान पंकज कुमार वासी गांव नसीरपुर के रूप में हुई है। पंकज जोमैटो में डिलीवरी का काम करता है। अपना काम खत्म कर देर रात्रि घर लौट रहा था, तभी यह दुर्घटना का शिकार हो गया। समय रहते पुलिस की मदद मिलने से उसकी जान सुरक्षित बच सकी। सराहनीय कार्य और उत्कृष्ट कर्तव्यपरायणता के चलते पुलिस अधीक्षक अजीत सिंह शेखावत ने अपने कार्यालय में बुलाकर डॉयल-112 की ईआरवी-103 पर तैनात तीनों कर्मचारियों उपनिरीक्षक रणधीर सिंह, एसपीओ सुरेश कुमार और एसपीओ रणबीर सिंह को प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया। इस मौके पर उन्होंने जिला पुलिस के सभी जवानों को प्रेरित करते हुए कहा कि सड़क पर घायल लोगों को समय पर अस्पताल में पहुंचना मानवता का सबसे बड़ा कार्य है। पुलिस के जवान सदैव इस कार्य में अपनी अहम भूमिका निभाते है।